# श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय

(इलाहाबाद विश्वविद्यालय का संघटक महाविद्यालय)
फाफामऊ, प्रयागराज 211 013
website : www.spmau.ac.in e-mail : spmcollege10@gmail.com

दिनांक : 22.09.2025

## आवश्यक सूचना

समस्त स्नातक (B.A., B.Sc.) के छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र-(2025-26) में प्रवेशित छात्रों के लिए नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के अनुसार विश्वविद्यालय के नए पाठ्यक्रम ढांचे के अंतर्गत मूल्य संवर्धित पाठ्यक्रम (Value Added Courses) का प्रावधान निर्धारित किया गया है।

प्रथम सेमेस्टर में मूल्य संवर्धित पाठ्यक्रम दो (2) क्रेडिट का होगा और जिसको करना प्रत्येक छात्र के लिए अनिवार्य होगा। Value Added Course के दो क्रेडिट प्राप्त किये बिना, प्रथम सेमेस्टर पूर्ण नहीं होगा। Value Added Courses की फीस 1000 रुपये निर्धारित है।

छात्रों को वरीयता क्रम में नीचे दिए गये पाठ्यक्रमों में से कोई तीन पाठ्यक्रम चुनने होंगे। तीन पसंदीदा पाठ्यक्रमों के चयन हेतु छात्र को महाविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट (www.spmau.ac.in) पर उपलब्ध Google Form भरना होगा। छात्रों द्वारा वरीयता क्रम चुने गये तीन पाठ्यक्रमों में से एक पाठ्यक्रम उसको आवंटित किया जायेगा। पाठ्यक्रम की फीस कॉलेज में जमा होगी ?

आगामी अपडेट की जानकारी के लिए छात्रों से अनुरोध है कि वे महाविद्यालय की वेबसाइट पर नियमित रूप से जाते रहें और मूल्य संवर्धित पाठ्यक्रम के समन्वयक (Course Coordinator) से संपर्क बनाए रखें। किसी भी प्रकार की शंका या अतिरिक्त जानकारी के लिए महाविद्यालय कार्यालय या संबंधित समन्वयक से संपर्क करें।

**कोर्स के लिए गूगल फार्म भरने के अन्तिम तिथि 24.09.2025 है।**

1. Clay Moulding and Modelling in India in Indian Historical perspective
2. Radio Writing and Presentation
3. Waste Management
4. Tribal and Folk Music (Sanskar Geet)
5. Quantitative Aptitude
6. An Introduction to MS Office
7. Basics of Indian Constitution
8. Indigenes Sports and Recreation Activities (ISRA)
9. Sport Event Management (SEM)
10. Apiculture
11. Laboratory Standard and Analytical Methods in Chemistry
12. Green Chemistry for Chemical Synthesis
13. Solar Energy System
14. Disaster Management : Conceptual Background
15. हिन्दी में कथा लेखन की कला
16. Film History and Appreciation
17. Medical Imaging Techniques
18. Fundamentals of Nano Science and Nanotechnology

प्राचार्य

## Value Added Courses

| Course Name | Description |
|---|---|
| 1. Clay Moulding and Modelling in India in Indian Historical perspective | इस कोर्स के माध्यम से छात्र भारत की प्राचीन से आधुनिक परंपराओं में प्रयोग होने वाली मिट्टी की कला, मूर्तिकला तकनीकें और मॉडलिंग की शैलियां को जानेंगे। इसमें वे न केवल भारतीय सांस्कृतिक धरोहर को समझेंगे बल्कि स्वयं रचनात्मक मूर्तियां एवं मॉडल बनाकर अपनी कला-कौशल और सृजनात्मकता को भी विकसित करेंगे। |
| 2. Radio Writing and Presentation | इस कोर्स में छात्र रेडियो कार्यक्रमों की स्क्रिप्ट लिखने की कला, वॉयस मॉड्यूलेशन और प्रस्तुति के व्यावहारिक कौशल सीखेंगे। इस कोर्स से वे रेडियो प्रसारण की बारीकियां, श्रोताओं से जुड़ने की तकनीक और मीडिया करियर के लिए आवश्यक संचार क्षमता विकसित कर सकेंगे। |
| 3. Waste Management | इस कोर्स में छात्र ठोस और तरल कचरे के प्रबंधन, पुनर्चक्रण (Recycling) और पर्यावरण-अनुकूल निपटान की तकनीकें सीखेंगे। यह कोर्स उन्हें स्वच्छता, सतत विकास और ग्रीन प्रैक्टिसेज़ अपनाने की दिशा में व्यावहारिक ज्ञान और कौशल प्रदान करेगा। |
| 4. Tribal and Folk Music (Sanskar Geet) | इस कोर्स में छात्र भारत की जनजातीय और लोकसंगीत परंपराओं, विशेषकर संस्कार गीतों की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि और प्रस्तुति शैली को समझेंगे। यह कोर्स उन्हें भारतीय लोकधरोहर से जोड़कर संगीत अभिव्यक्ति और सांस्कृतिक संवेदनशीलता विकसित करने में सहायक होगा। |
| 5. Quantitative Aptitude | इस कोर्स में छात्र तार्किक और गणितीय क्षमता, संख्यात्मक समस्याओं का समाधान तथा विश्लेषणात्मक सोच विकसित करेंगे। यह कोर्स प्रतियोगी परीक्षाओं और पेशेवर जीवन में आवश्यक क्वांटिटेटिव स्किल्स को मजबूत करेगा। |
| 6. An Introduction to MS Office | इस कोर्स में छात्र MS Word, MS Excel, MS PowerPoint जैसे टूल्स का प्रयोग करना सीखेंगे। यह उन्हें ऑफिस कार्यों, डेटा प्रबंधन और प्रेजेंटेशन कौशल में दक्ष बनाएगा। |
| 7. Basics of Indian Constitution | इस कोर्स में छात्र भारतीय संविधान की मूल संरचना, अधिकारों, कर्तव्यों और प्रशासनिक ढांचे को समझेंगे। यह उन्हें नागरिक जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक मूल्यों की गहरी समझ देगा। |
| 8. Indigenes Sports and Recreation Activities (ISRA) | इस कोर्स में छात्र भारत की पारंपरिक खेल गतिविधियों और शारीरिक व्यायाम पद्धतियों को सीखेंगे। यह कोर्स उनके स्वास्थ्य, फिटनेस और टीम भावना को प्रोत्साहित करेगा। |
| 9. Sport Event Management (SEM) | इस कोर्स में छात्र खेल आयोजनों की योजना, प्रबंधन और संचालन की बारीकियां सीखेंगे। यह उन्हें स्पोर्ट्स इवेंट्स के सफल संगठन और नेतृत्व कौशल में निपुण बनाएगा। |
| 10. Apiculture | इस कोर्स में छात्र मधुमक्खी पालन, शहद उत्पादन और उससे जुड़ी व्यावसायिक संभावनाओं को समझेंगे। यह कोर्स उन्हें उद्यमिता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मार्गदर्शन देगा। |
| 11. Laboratory Standard and Analytical Methods in Chemistry | इस कोर्स में छात्र रसायन प्रयोगशालाओं के मानक, सुरक्षा नियम और विश्लेषणात्मक तकनीकों को सीखेंगे। यह उन्हें प्रयोगात्मक शोध और उद्योगों में कार्य करने के लिए तैयार करेगा। |
| 12. Green Chemistry for Chemical Synthesis | इस कोर्स में छात्र रसायनों के पर्यावरण-अनुकूल संश्लेषण और टिकाऊ प्रयोगों को समझेंगे। यह उन्हें प्रदूषण कम करने और हरित प्रौद्योगिकी अपनाने की दिशा में प्रशिक्षित करेगा। |
| 13. Solar Energy System | इस कोर्स में छात्र सौर ऊर्जा के सिद्धांत, तकनीक और उसके उपयोग की जानकारी प्राप्त करेंगे। यह उन्हें अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में कौशल और रोजगार की संभावनाएँ प्रदान करेगा। |
| 14. Disaster Management : Conceptual Background | इस कोर्स में छात्र आपदा प्रबंधन की अवधारणा, तैयारी और निवारण की प्रक्रियाओं को सीखेंगे। यह उन्हें प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं से निपटने की क्षमता देगा। |
| 15. हिन्दी में कथा लेखन की कला | इस कोर्स में छात्र रचनात्मक लेखन की कला, कथा की संरचना और अभिव्यक्ति कौशल विकसित करेंगे। यह उनकी साहित्यिक प्रतिभा और लेखन शैली को निखारेगा। |
| 16. Film History and Appreciation | इस कोर्स में छात्र भारतीय और विश्व सिनेमा के इतिहास, विकास और कलात्मक पक्ष को समझेंगे। यह उन्हें फिल्मों के सौंदर्यबोध और आलोचनात्मक दृष्टिकोण को विकसित करने में सहायक होगा। |
| 17. Medical Imaging Techniques | इस कोर्स में छात्र आधुनिक चिकित्सा इमेजिंग जैसे X-Ray, MRI, CT Scan आदि की तकनीकों और उनके उपयोग को सीखेंगे। यह उन्हें स्वास्थ्य क्षेत्र में तकनीकी दक्षता और व्यावसायिक कौशल प्रदान करेगा। |
| 18. Fundamentals of Nano Science and Nanotechnology | इस कोर्स में छात्र नैनोस्तर की संरचनाओं, उनकी विशेष भौतिक एवं रासायनिक गुणधर्मों और नैनोटेक्नोलॉजी के अनुप्रयोगों को सीखेंगे। यह कोर्स उन्हें चिकित्सा, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऊर्जा और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में नैनोविज्ञान के उपयोग और अनुसंधान की संभावनाओं से परिचित कराएगा। |